आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 47 लखनऊ, रविवार 21 मार्च से 27 मार्च, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## तीन वीरांगनाओं के नाम पर महिला PAC बटालियन की स्थापना

लखनऊ। वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर आज यानी २० मार्च को राष्ट्र उनको नमन कर रहा है। लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने हजरतगंज में रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। इस अवसर पर उन्नाव के सांसद साक्षी महाराज के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती भी मौजूद थीं।सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि भारत वीरों की धरती है। यहां पर महान वीरागनाओं ने भी देश की आजादी में अहम भूमिका अदा की। उन्होंने कहा कि इनके बलिदान से हमको आजादी दिलाई। इन महान वीरांगनाओं को हम नमन करते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार मातृ शक्ति को नमन करने के साथ ही उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वाबलंबन के लिए मिशन एक विशेष कार्यक्रम मिशन शक्ति के रूप में शुरू किया है। इसी मिशन शक्ति के तहत हमने उत्तर प्रदेश पुलिस में २० प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए हैं। जिससे कि नारी की गरिमा के सम्मान की रक्षा हर हाल में हो। इसके साथ ही वीरांगनाओं के बलिदान की भी चर्चा हो। उन्होंने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का आज बलिदान दिवस है। इस अवसर पर हम प्रदेश में तीन महिला पीएसी बटालियन की भी शुरुआत कर रहे हैं। इनका नाम की महान वीरांगनाओं के नाम पर है। इन तीन वीरांगनाओं ने देश की आजादी के लिए अपने को बलिदान किया। हमारी सरकार तीन महिला पीएसी बटालियन की स्थापना झलकारी बाई, रानी अवंतीबाई लोधी तथा वीरांगना उदादेवी के नाम पर पर रही है। यह भी इनके बलिदान के सम्मान का एक माध्यम है।मुख्यमंत्री ने अवंतीबाई समेत तमाम वीरांगनाओं को याद करते हुए कहा कि रानी लक्ष्मीबाई और अवंतीबाई लोधी ने विदेशी हुकूमत की दासता स्वीकार करने से इनकार कर दिया था और देश की स्वाभिमान के लिए अंतिम दम तक लड़ती रहीं। उनका बलिदान भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हमें एक नई प्रेरणा देता है। इन महान वीरांगनाओं से प्ररित होकर उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में मातृशक्ति की सुरक्षा, सम्मान के लिए मिशन शक्ति का कार्यक्रम शुरू किया। प्रदेश सरकार ने महान वीरांगनाओं रानी अवंतीबाई लोधी, ऊधा देवी व झलकारीबाई के नाम पर तीन महिला बटालियन की घोषणा की है, जिन्होंने देश की स्वाधीनता की आंदोलन में अपना बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने अवंतीबाई के नाम से पीएसी में महिला बटालियन की स्थापना का ऐलान करते हुए कहा है कि इस बटालियन की आज से स्थापना होने जा रही है।सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजादी के आंदोलन में तीन महिला योद्धाओं के योगदान को देखकर हमने उत्तर प्रदेश में पीएसी की तीन महिला बटालियन का नामकरण उनके नाम पर किया है। रानी अवंतीबाई लोधी, उदा देवी और झलकारी बाई के नाम पर स्थापित होने वाली महिला पीएसी बटालियन को लेकर औपचारिकताएं पूरी हो गई हैं। उन्होंने कहा कि रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस २० मार्च को होता है। हमने प्रदेश में १५३५ थाना में महिला सुरक्षा डेस्क की स्थापना की है। इसके साथ ही महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार के साइबर अपराध की शिकायत तत्काल दर्ज कराने के साथ ही उस पर त्वरित गति से सुनवाई भी होती है। हर मंडल में महिलाओं के खिलाफ होने वाले साइबर अपराध की सुनवाई के लिए पुलिस महानिरीक्षक को जिम्मेदारी दी गई है। हमारा प्रयास है कि हर जिले में कम से कम पांच महिला पुलिस की रिपोर्टिंग चौकी भी स्थापित हो। रानी अवन्तीबाई लोधी भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली प्रथम महिला शहीद वीरांगना थीं। वह १८५७ की क्रांति में रामगढ़ की रानी अवंतीबाई रेवांचल में मुक्ति आंदोलन की सूत्रधार थीं। १८५७ के मुक्ति आंदोलन में इस राज्य की अहम भूमिका थी, जिससे भारत के इतिहास में एक नई क्रांति आई।



## राहुल ने असम में मुफ्त बिजली का वादा किया

गुवाहाटी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने असम में वादा किया है कि राज्य में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी तो सभी परिवारों को दो सौ यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी। इससे पहले उन्होंने वादा किया था कि कांग्रेस की सरकार बनी तो छह घंटे के अंदर



चाय बागान के मजदूरों की मजदूरी बढ़ा दी जाएगी। राहुल गांधी ने अपनी पार्टी की ओर से पांच बड़े ऐलान किए हैं। उन्होंने जिन पांच वादों का ऐलान किया, उसमें पहला राज्य में नागरिकता संशोधन कानून, सीएए लागू नहीं करने का फैसला है। दूसरे वादे में उन्होंने कहा कि चाय बागान के मजदूरों को न्यूनतम ३६५ रुपए रोजाना मजदूरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि चाहे जो कुछ हो जाए, वे इसे लागू करके रहेंगे। राहुल ने तीसरे वादे के रूप में हर परिवार को दो सौ यूनिट बिजली फ्री देने का वादा किया। चौथे वादे में उन्होंने कहा कि राज्य की हर महिला को दो हजार रुपए हर महीने देंगे। इसके अलावा राहुल ने राज्य में बेरोजगारी दूर करने के लिए पांच लाख नौकरियों का भी ऐलान किया। राहुल गांधी ने विधानसभा चुनाव के लिये तैयार असम की अपनी यात्रा के पहले दिन चुनावी रैली में कॉलेज के छात्रों, चाय कामगारों समेत सभी वर्ग के लोगों को आश्वासन दिए थे। मरीयानी में एक रैली में राहुल गांधी ने भाजपा पर भी हमला किया और कहा– बीजेपी संस्ेंति, भाषा, इतिहास और असम के भाईचारे पर हमला कर रही है, हम नरफरत को मिटाएंगे और शांति लाएंगे।

## लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के पास वकीलों का प्रदर्शन

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को स्पेशल एनआइ कोर्ट में मुकदमें के दौरान गश खाकर गिरे जानकीपुरम निवासी अधिवक्ता विजय कुमार सिंह का निधन हो गया। समय से इलाज न मिलने से उनके निधन का आरोप लगाते हुए साथी अधिवक्ताओं ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का एलान कर राजीव चौक के पास एकत्र हो गए। मृतक अधिवक्ता के परिवारीजनों को २५ लाख रुपये मुआवजा और पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। अधिवक्ताओं ने जिला प्रशासन के रवैये को लेकर भी नाराजी जताई। मुख्यमंत्री आवास जाने की मांग को लेकर डटे रहे अधिवक्ताओं को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात कर दी गई थी। करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर ने ४८ घंटे में मांग पूरी होने का आश्वासन दिया। अधिवक्ता उमंग गुप्ता ने कहा कि पुराने हाईकोर्ट के पास जाम की स्थति रहती है।



समय से एंबुलेंस मिल जाती तो विजय की जान बचाई जा सकती थी। जिलाधिकारी तक हालचाल लेने नहीं आए। मृतक अधिवक्ता का परिवार यतीम हो गया। मांग पूरी नहीं होगी तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन व सरकार की होगी। प्रदर्शन में मनीष वर्मा, चंद्रदीप यादव, पुष्पेंद्र, फरहा सिद्दीकी, मंगेश व महेंद्र समेत कई अधिवक्ता शामिल हुए। वहीं इससे पहले सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदेश कुमार सिंह, महामंत्री संजीव पांडेय ने जनपद न्यायाधीश को ज्ञापन देकर मुआवजे की मांग की गई। संजीव पांडेय ने बताया कि एसोसिएशन के उपाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह से डाक्टर ने कहा कि समय से आ जाते तो जान बच सकती थी। कोर्ट परिसर में डिस्पेंसरी व एंबुलेंस होती तो जान बच सकती थी। उन्होंने इसकी व्यवस्था की भी मांग की। प्रदर्शन के चलते वाहनों को राजीव चौक से पार्क रोड की ओ डायवर्ट कर दिया गया जिससे पार्क रोड से लेकर डीएसओ चौराहे तक जाम लगा रहा। करीब एक घंटे बाद

# सम्पादकीय

## वदेशी संसदों में भारत में लोकतंत्र के कथित दमन की चर्चा

अगर देश में लोकतांत्रिक संवाद का अभाव होता जाए और चुनावी बहुमत के आधार पर सरकार असहमति या असंतोष की किसी आवाज को सुनने से इनकार करे, तो असंतुष्ट समूहों के लिए क्या रास्ता रह जाता है? ये सवाल इस खबर से उठा है कि मौजूदा किसानों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के नेता दर्शनपाल ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) से कहाहै कि केंद्र सरकार के तीन नए कृषि कानूनों से ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे किसानों और अन्य लोगों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के घोषणा–पत्र का उल्लंघन हुआ है। उन्होंने ध्यान दिलाया है कि इस घोषणा–पत्र पर भारत ने भी हस्ताक्षर कर रखे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के एक बयान में कहा गया कि दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलन के ११०वें दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा गया। इसी रोज दर्शन पाल ने संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार परिषद के ४६वें सत्र में वीडियो संदेश भेजा। अब ये कहा जाएगा कि यह देश के मामले में विदेशी हस्तक्षेप की अपील है। इससे भारत की छवि उस समय और खराब होगी, जब विदेशी संसदों में भारत में लोकतंत्र के कथित दमन की चर्चा हो रही है और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं लोकतंत्र के इंडेक्स पर भारत का दर्जा गिरा रही हैं। इन बातों में दम है। लेकिन असल सवाल देश के अंदर ही हैं। क्या यह सच नहीं है कि देश में आजादियां संकुचित हो गई हैं? आंदोलनों को राष्ट्र–विरोधी और उन्हें बदनाम करने वाले अलग– अलग नाम दिए जाने की प्रवृत्तियां बढ़ गई हैं। इन सबके लिए आखिर कौन जिम्मेदार है? अगर सरकार देश के अंदर सबको साथ लेकर चलने का भरोसा बंधा पाए, तो फिर शायद इसकी नौबत नहीं आएगी कि लोग अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सामने अपनी मुसीबत बताएं। तब अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के इंडेक्स को लेकर समाज के एक हिस्से में यह धारणा नहीं बनेगी कि आखिर कोई भारत की हालत की तरफ ध्यान दे रहा है। दरअसल, तब शायद वे संस्थाएं ऐसा करेंगी भी नहीं, क्योंकि आखिर उन्हें भारत से कोई निजी वैर नहीं है। आखिर इन संस्थाओं ने ही पहले भारत की ऐसी छवि बनाई, जिससे हमारा एक सॉफ्ट पॉवर बना था। इसलिए इस सवाल पर अवश्य विचार होना चाहिए कि आखिर किसान आंदोलन ने संयुक्त राष्ट्र की संस्था के पास क्यों गुहार लगाई है?

## जल्द ही ५ इंटरेशनल हवाई अड्डों से लैस होगा यूपी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हवाई सेवा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के सबसे ऊंची उड़ान भरने का दावा करते हुये कहा कि देश की घनी आबादी वाला राज्य जल्द ही पांच इंटरेशनल हवाई अड्डों से लैस होगा। योगी ने सरकार के चार साल पूरे होने के अवसर पर यूपी में हवाई सेवाओं के विस्तार की योजना का खाका पेश किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में २१ नए एयरपोर्ट और ७ हवाई पट्टियों के निर्माण पर काम कर रही है। बहुत जल्द जेवर, कुशीनगर, और अयोध्या से इंटरनेशनल उड़ान शुरू होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार सालों में योगी सरकार का विकास को गति देने के लिए हवाई सेवाओं के विस्तार पर जोर रहा है। लखनऊ, वाराणसी और अयोध्या समेत यूपी में बहुत जल्द पांच अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे होंगे। कुशीनगर को इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए डीजीसीए का लाइसेंस मिल गया है। कुशीनगर यूपी का तीसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। उन्होंने कहा कि



कुशीनगर में अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट लगभग तैयार हो गया है। जेवर में नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट और अयोध्या अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। पिछले चार साल में प्रयागराज, कानपुर, हिण्डन, बरेली हवाई अड्डे संचालित किए जा चुके हैं, जबकि २१ एयरपोर्ट के निर्माण पर कार्य चल रहा है। सीएम ने कहा कि २०१७ तक लखनऊ और वाराणसी समेत सिर्फ दो एयरपोर्ट थे जबकि आज आठ एयरपोर्ट कार्यरत हैं। इसके साथ ही हवाई अड्डों को बेहतर कनेक्टिविटी और जन सुविधा के लिहाज से प्रदेश के १७ एयरपोर्ट टर्मिनल्स को कम से कम दो लेन मार्ग से जोड़ा जा रहा है। योगी ने कहा कि राज्य्य सरकार की योजना प्रदेश के हर क्षेत्र को हवाई सेवाओं से जोड़ते हुए आम लोगों को सस्ती, सुलभ और सुरक्षित हवाई सेवाएं उपलब्ध कराने की है। गौरतलब है कि हवाई सेवाओं के लिहाज से देश में फिलहाल केरल, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्य आगे हैं। नए हवाई अड्डे तैयार होने और अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों की संख्या ५ होने के बाद यूपी देश में हवाई सेवाओं के मामले में भी सबसे आगे होगा।

## कोर्ट ने पूर्व सांसद अन्नू टंडन को 2 साल की जेल की सजा सुनाई

लखनऊ। एक विशेष एमपी–एमएलए कोर्ट ने पूर्व सांसद अन्नू टंडन को साल २०१७ में राजनीतिक धरना प्रदर्शन के दौरान उन्नाव में ट्रेन रोकने के मामले में दो साल कैद की सजा सुनाई है। टंडन उस वक्त कांग्रेस से जुड़ी हुई थीं, लेकिन पिछले साल उन्होंने पार्टी का साथ छोड़ दिया। उनके अलावा अदालत ने उन्नाव के तत्कालीन कांग्रेस जिला प्रमुख सूर्य नारायण यादव, शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला और युवा कांग्रेस के राज्य प्रमुख अंकित परिहार को भी दोषी करार देते हुए दो–दो साल की सजा सुनाई है। न्यायाधीश पी. के. राय ने इनमें से हर एक पर २५–२५ हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सजा के बाद सभी दोषियों को अंतरिम जमानत दे दी गई। वे अब अपनी सजा के खिलाफ उच्च्य न्यायालय में अपील करेंगे। दोषी पाए जाने और सजा सुनाए जाने के बाद सभी आरोपियों को अंतरिम जमानत दे दी गई। अब इनके द्वारा हाईकोर्ट में अपील की जाएगी। रेलवे सुरक्षा बल ने १२ जून, २०१७ को इस मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की थी। इसमें यह आरोप लगाया गया था कि ट्रेन संख्या १८१६१ के प्लेटफर्म पर पहुंचने के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उन्नाव स्टेशन के पास धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। पटरी पर इनकी जमा भीड़ को देखते हुए चालक को मजबूरन ट्रेन रोकना पड़ा। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने इंजन के ऊपर चढ़कर नारेबाजी करना शुरू कर दिया। इन्हें शांत करने में लगभग १५ मिनट लगे। दोषी करार दिए गए आरोपी उस वक्त प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे। जांच के बाद, उप–निरीक्षक मिथलेश कुमार यादव ने आरोपी के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा १७४ (ए) के तहत आरोप पत्र दायर किया। अदालत ने २ अगस्त, २०१८ को अपराध का संज्ञान लिया और मुकदमा शुरू किया।

## आजम खां को फर्जी केस में फंसा जानबूझकर परेशान कर रही भाजपा सरकार – अखिलेश यादव


लखनऊ। रामपुर के दौरे पर जौहर यूनिवर्सिटी से समाजवादी पार्टी की साइकिल यात्रा को रवाना करने वाले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार पर बेहद गंभीर आरोप जड़ा है। लखनऊ में समाजवादी पार्टी के कार्यालय में साइकिल यात्रा करने वालों का स्वागत करने के बाद अखिलेश यादव ने मीडिया को संबोधित किया।उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार रामपुर तथा देश के लोकप्रिय नेता आजम खां को फर्जी केस में फंसा जानबूझकर परेशान कर रही है। रामपुर से समाजवादी पार्टी के सांसद आजम खां के साथ व उनके परिवार को भाजपा जानबूझ कर परेशान कर रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की साजिश है कि आजम खां का जौहर विश्वविद्यालय बंद हो जाए। आजम खां पर फर्जी केस लिखे गए, राजनीति से प्रेरित केस लिखा गए हैं। तानाशाही तरीके से विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है। कहा की बीजेपी की सरकार लोगो को अपमानित करने का कार्य कर रही है हमारे कार्यकर्ताओं पर १० हजार केस दर्ज किए गए है इसके साथ उन्होंने जोड़ा कि हम मुकदमों से डरने वाले नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि किसान आंदोलन की खिलाफत करने वाले राष्ट्र व समाज विरोधी हैं। हमको लकडाउन के दौरान किसानों ने ही भुखमरी से बचाया है। किसान आंदोलन के दौरान समाजवादियों पर १० हजार से अधिक मुकदमें इस सरकार ने दर्ज किए हैं। हर सीमा को लांघकर भाजपा अन्याय कर रही है। अखिलेश यादव ने



कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो प्रति व्यक्ति आय दोगुनी होने का झूठा दावा कर रहे हैं। लॉकडाउन में नौकरी चली गईं, रोजगार कम हो गए, सरकारी कर्मचारियों के वेतन में कटौती हो रही है। ऐसे में आय दोगुनी कैसे हो गई। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चार वर्ष में यूपी को बर्बाद करने का काम किया है। मुख्यमंत्री भाजपा के संकल्पपत्र को गीता बता रहे हैं तो मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि इसमें किए गए कितने वादे अब तक जमीन पर उतर गए हैं। कितने लोगों की आय दोगुनी हो गई। प्रदेश में जितनी भी मेट्रो चल रही हैं सभी समाजवादी पार्टी की सरकार में शुरू हुईं थीं। अब तो प्रदेश सरकार पुरानी शिलापट्ट तोड़कर नए लगा रही है। पंचायत चुनाव के बाद सपा विधानसभा चुनाव तक लगातार कार्यक्रम करेगी। इससे पहले अखिलेश यादव ने आजम खां के समर्थन में रामपुर से लखनऊ तक साइकिल चलाकर आए सपा कार्यकर्ताओं का प्रदेश कार्यालय में स्वागत किया। रामपुर से सांसद आजम खां पर हो रही कार्रवाई के विरोध में शनिवार को समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि आजम खां, उनकी पत्नी व बेटे पर सरकार जानबूझकर राजनीतिक मुकदमें दर्ज कर रही है। सपा कार्यकर्ताओं पर भी मुकदमें दर्ज किए जा रहे हैं। सपा ने राज्यपाल से न्याय की मांग की है। अखिलेश यादव ने भरोसा जताया कि राज्यपाल इस मामले में कुछ न कुछ कार्रवाई जरूर करेंगी। प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी, विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अहमद हसन, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल व मोहम्मद फहीम इरफान आदि प्रमुख थे।

# चार साल में निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है यूपी : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज दावा किया कि पिछले चार वर्षो के कार्यकाल के दौरान उनकी सरकार ने कानून व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग में सुगमता की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है, नतीजन देश की घनी आबादी वाला यह राज्य आज निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है।



अपनी सरकार की चौथी सालगिरह के मौके पर उपलब्धियों का बखान करते हुये योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उनकी सरकार ने पूर्ववर्ती व्यवस्था में रिफार्म,परफार्म और ट्रांसफार्म की नीति पर अमल करते हुये २४ करोड़ जनता की आंकाक्षाओं पर खरा उतरने का काम किया है। वर्ष २०१५–१६ में प्रदेश की अर्थव्यवस्था देश में ५वें छठे स्थान पर थी जबकि आज यह देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। उन्होने कहा कि प्रदेश की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था की दशा में सुधार के लिये निवेश को आकर्षित करने की दिशा में उनकी सरकार ने जरूरी कदम उठाये। इस दिशा में जीरो टालरेंस नीति पर चलते हुये संगठित अपराध का सफाया किया गया वहीं बिजली,सड़क और हवाई नेटवर्क में सुधार किया गया। नये उद्यम लगाने की प्रक्रिया को सुगम और पारदर्शी बनाया गया। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश व्यवसाय और उद्यम के लिहाज से सबसे पंसदीदा स्थान बन गया है। ईज आफ डुइंग बिजनेस रैंकिंग में यूपी १४वें स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। निजी क्षेत्र में करीब तीन लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतर चुके है जिससे औद्योगिकीकरण को रफ्तार मिली और प्रदेश के नौजवानो के लिये ३५ लाख से अधिक नौकरियां पैदा हुयी। उन्होने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया और चार लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गयी। वर्ष २०१७ से पहले की सरकार की नीतियों के चलते प्रदेश की जनता को केन्द्र की योजनाओं का लाभ नही मिल पाता था जबकि आज उत्तर प्रदेश विभिन्न केन्द्रीय योजनाओ के क्रियान्वयन में पहले स्थान पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना,उज्जवला योजना,प्रधानमंत्री जनधन योजना,प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और सौभाग्य योजना का शत प्रतिशत लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है। योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार की विकासपरक और रोजगारन्मुख नीतियों का नतीजा है कि आज प्रति व्यक्ति आय में दोगुने से अधिक की बढ़ोत्तरी हुयी है। २०१५–१६ में प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय करीब ४५ हजार रूपये थी जो अब ६५ हजार प्रति व्यक्ति हो चुकी है।

# ४ साल में २० साल पीछे चला गया यूपी : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने चार वर्षों में उत्तर प्रदेश को ऐसा चौपट किया है कि यह बीस वर्ष पीछे चला गया है। जो काम सपा सरकार के समय हो रहे थे उन कामों को भाजपा सरकार ने रोक दिया। सच तो यह है कि विपदा के चार वर्षों में भी भाजपा ने जश्न मनाने का अवसर ढूंढ़ लिया है।सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार ने किया कुछ भी नहीं मगर आसमान सिर पर उठा लिया है। भाजपा के पास एक ही पुराना रिकार्ड है जिसे वे रोज–रोज बजाते हैं। आंखों में धूल झोंकने का भाजपा अंतिम प्रयास कर रही है। उसके झूठे आंकड़ों के कहर ने पूरे प्रदेश को प्रदूषित कर दिया है। भाजपा ने असत्य वाचन की सभी सीमाएं पार कर दी हैं।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि तथाकथित प्रगति और विकास की असत्य कथा के प्रचार प्रसार पर भाजपा सरकार ने जो हजारों करोड़ रुपये खर्च किए हैं उनकी जांच समाजवादी सरकार में कराई जाएगी। रोटी–रोजगार की कोई व्यवस्था नहीं है। शिक्षा–स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अपराधी जेल में हैं तो अपराध क्यों हो रहे हैं। जेल से अपराधी गतिविधियों का संचालन कैसे हो रहा है।सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा एक भी एक्सप्रेस–वे नहीं बना पाई पर उनका हल्ला मचा रही है। मेट्रो समाजवादी पार्टी की सरकार में लखनऊ में चली। भाजपा के चार साल में भी वह जहां तक चली थी वहां से एक कदम आगे नहीं बढ़ सकी। भाजपा अपने आंकड़ों के जाल बट्टे से विकास के चाहे जितने थोथे दावे करे, सच यह है कि उसने प्रदेश को बीमार प्रदेश बना दिया है। जनता ने इस सबसे ऊबकर अब बदलाव का मन बना लिया है।अखिलेश ने कन्नौज में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रोजगार है नहीं, खर्च बढ़ रहा है। लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि खाएं क्या और बचाएं क्या? भाजपा ने कन्नौज के लिए क्या किया चार सालों में? कोई एक योजना हो तो बता दें, सिर्फ नफरत ही दी है। समाजवादियों के कामों को अपना नाम दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसान, नौजवान सभी परेशान हैं। किसानों को आंतकवादी कहा जा रहा है। नौजवान अगर हक मांगता है तो उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है। सरकार समाजवादियों के कामों का उद्घाटन कर रही है, ऐसे तो सरकार पर भी मुकदमा होना चाहिए।

# मास्क नहीं लगाने पर भरना पड़ेगा जुर्माना

लखनऊ। पूरे देश में कोरोना के दूसरी लहर से भयावह हो रहे हालात के मद्देनजर अब उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मास्क न लगाना भारी पड़ेगा। मास्क नहीं लगाने वालों को मेडिकल स्टोर पर दवाई नहीं दी जाएगी। वहीं, चारबाग स्टेशन व लखनऊ जंक्शन पर बगैर मास्क के दिखने वालों से रेलवे प्रशासन सौ रुपये जुर्माना वसूलेगा। जुर्माना वसूलने की कार्रवाई आज से शुरू कर दी गई है ।यह सख्ती संक्रमण काबू में करने के लिए की जा रही है। मेडिकल स्टोर पर दवाई खरीदने के लिए मास्क लगाने की अनिवार्यता का कड़ाई से पालन होगा। लखनऊ केमिस्ट एसोसिएशन ने बुधवार को बैठक के बाद यह घोषणा की। बैठक में थोक और फुटकर दोनों विक्रेता थे। एसोसिएशन अध्यक्ष गिरिराज रस्तोगी ने कहा कि होली को लेकर बाजार में भीड़ बढ़ गई है। वहीं, कोरोना के मामलों में भी इजाफा हो रहा है। इसे देखते हुए अब बिना मास्क लगाए किसी भी व्यक्ति के साथ कारोबार नहीं किया जाएगा। यह व्यवस्था फुटकर तथा थोक दोनों बाजारों पर लागू होगी। वहीं, बाजारों में समय–समय पर सैनिटाइजेशन भी किया जाएगा। दवा कारोबारियों को टीकाकरण के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। राजधानी में २५ हजार से ज्यादा दवा दुकानें हैं। इन पर रोजाना करीब २५ हजार लोग दवाई खरीदने आते हैं। इनमें लखनऊ के दूर–दराज के इलाके के साथ अन्य जनपद के विक्रेता भी होते हैं। इन दुकानों पर रोजाना करोड़ों का कारोबार होता है। लखनऊ में महाराष्ट्र और पंजाब से बड़ी संख्या में लोग रोज आ रहे हैं । इन दोनों राज्यों में कोरोना का प्रकोप ज्यादा है । रेलवे प्रशासन ने कहा है कि स्टेशन पर बिना मास्क दिखे लोगों से एक सौ रूपया जुर्माना वसूला जायेगा।

# मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग को लेकर पालन न करने वाले लोगों के काटे चालान

लखनऊ। कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए सरकार पूरी तरह सतर्क व लोगों को जागरूक कर रही है तथा योगी सरकार द्वारा लगातार जिम्मेदारों को गाइडलाइन जारी की जा रही है सरकारी अस्पतालों में कोरोना वैक्सीन की व्यवस्था सुचारू रूप से कर दी गई है उसके बावजूद भी कोरोना लगातार बढ़ता जा रहा है वही आज मोहनलालगंज में उप जिला अधिकारी विकास सिंह मोहनलालगंज कस्बे का निरीक्षण करते हुए मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग को लेकर पालन न करने वाले लोगों का काटे चालान इस दौरान उन्होंने लोगों को जागरूक भी किया जिससे कोरोना पर लगाम लगाया जा सके उप जिलाधिकारी विकास सिंह ने पैदल गस्त करते हुए दुकानों पर जाकर व्यापारियों से सोशल डिस्टेंसिंग मास्क का इस्तेमाल करने के लिए जागरूक भी किया वही देश में फिर से कोरोना का कहर बढ़ता जा रहा है इसको देखते हुए सरकार द्वारा पहले से ही कड़े इंतजाम किए गए हैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन जरूरतमंदों को वैक्सीन दी जा रही है।




# उप्र की जेलों में बंद कैदियों का जल्द होगा टीकाकरण

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ सरकार जल्द ही राज्य की जेलों में बंद सभी कैदियों का टीकाकरण करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू करने जा रही है। सूत्रों से पता चला है कि इस मामले में सरकार जैसे ही निर्णय लेगी एसओपी के लिए ड्राफ्ट तैयार करना शुरू हो जाएगा। उत्तर प्रदेश की केंद्रीय जेलों समेत कुल ७४ जेलों में १.१६ लाख से अधिक कैदी बंद हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, "जेल में रहने वाले कैदी संवेदनशील समूहों में आते हैं क्योंकि वे बैरक में एक–दूसरे के करीब रहते हैं और कई बार वहां सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना भी संभव नहीं हो पाता है। बल्कि पिछले साल महामारी के कारण कई कैदी बीमार भी हुए थे। गुरुवार को कानपुर की जेल के १० कैदियों का कोरोनावायरस टेस्ट पॉजिटिव आया है। इससे पहले जनवरी में बस्ती में ११७ कैदियों और कई जेल अधिकारियों का कोरोना टेस्ट पॉजिटिव आया था। सिद्धार्थनगर, आगरा और झांसी की जेलों में भी ऐसे मामले सामने आए थे। हालांकि, पिछले साल लकडाउन के दौरान कई कैदियों को पैरोल पर घर भेजा गया था ताकि जेल के अंदर कैदियों की संख्या कम की जा सके।



एसओपी को लेकर सूत्रों ने कहा, "स्थानीय प्रशासन जेल परिसरों में टीकाकरण शिविर लगाएगा। साथ ही टीकाकरण के बाद किसी भी प्रतिकूल घटना की आशंका को देखते हुए कैदियों को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस आदि भी तैयार रखी जाएंगी। हालांकि अब तक एक प्रतिशत से भी कम मामलों में लोगों ने किसी तरह के प्रतिकूल प्रभाव की बात कही है।" अधिकारी ने यह भी कहा कि कैदियों का डेटा राज्य के गृह विभाग और जिला अधिकारियों के पास पहले से ही उपलब्ध है। लिहाजा संख्या के आधार पर सभी कैदियों का २ दिनों में टीकाकरण किया जा सकता है। सारी व्यवस्थाएं होने के बाद अगले हफ्ते कैदियों का टीकाकरण किया जा सकता है। राज्य के गृह विभाग के एक अधिकारी ने कहा, "एक भी मामला सामने आने पर रोगी के संपर्क में आए सभी लोगों का पता लगाने के लिए ढेर सारे टेस्ट करने पड़ते हैं, ऐसे में कैदियों का टीकाकरण करना तार्किक विचार है।

# अद्भुत गाँवः हर घर में हवाई जहाज

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

आम लोगों के घरों में बाइक और कार का होना काफी आम बात है. लेकिन क्या आपने कभी ऐसी गाँव के बारे में सुना है. जहां हर घर के गैराज में बाइक और कार ही नहीं बल्कि एक प्लेन भी खड़ा रहता हो. हालाँकि यह अपने हिंदुस्तान में संभव नही. अगर आपको यह कोई मजाक लग रहा है तो आप अमेरिका के रेसिडेंशल एअरपार्क इलाके के बारे में नहीं जानते. गौरतलब है कि दूसरे विश्व युद्ध में अमेरिका ने एक निर्णायक भूमिका निभाई थी. अमेरिका में १६३६ तक ३४,००० पायलट थे. लेकिन १६४६ तक उनकी संख्या बढ़कर ४,००,००० से ज्यादा हो गई थी. जब लड़ाई खत्म हुई तो बहुत से एयरफील्ड और पायलट खाली हो गए. इससे निपटने के लिए अमेरिका की द सिविल एरोनोटिक्स एडमिनिस्ट्रेशन ने आवासीय एअर पार्क बनाने का प्रस्ताव रखा, जिस के तहत बंद हो चुके मिलिट्री एअर स्ट्रिप्स पर रिटायर्ड मिलिट्री पायलटों को बसाने का फैसला किया गया. ऐसी बस्तियों को 'फ्लाई–इन कम्युनिटीज कहा जाता है, यहां हर घर में कार की तरह एक हवाई जहाज होता है. इस बस्ती की सड़कें इतनी चौड़ी होती हैं कि एक प्लेन और कार बिना आपस में टकराए बिना पास से निकल सकते हैं। बता दें, दुनिया में ६३० से अधिक आवासीय एअर पार्क्स हैं, जिनमें से ६१० से ज्यादा अमेरिका में हैं. कैलिफोर्निया स्थित कैमरून पार्क हवाई अड्डा इन्हीं आवासीय एअर पार्क्स में से एक है. जिसमें आप हर घर के गैराज में कार की जगह एक हवाई जहाज खड़ा देखा सकते हैं. बता दें, कैलिफोर्निया के फ्रेस्नो का सियारा स्काई पार्क पहला एयर पार्क था, जिसे साल १६४६ में स्थापित किया गया था।





# महिला ऐच्छिक ब्यूरो के सदस्यों के प्रयास से चार दंपति साथ-साथ रहने को हुए तैयार

**मो० अरशद**

मऊ। महिला ऐच्छिकब्यूरो की बैठक रविवार को पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान के निर्देशन और सीओ मधुबन अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता हुई। इस दौरान ऐच्छिक ब्यूरो में कुल २७ मामले आए, जिसमें सदस्यों के प्रयास से नौ मामलों का निस्तारण हुआ। इस मेंचार दंपति साथ–साथ रहने को तैयार हो गए, वही दो मामलो में पक्षकारों के बीच सुलह न होने के चलते पत्रावली अग्रिम कार्यवाही के लिए अग्रसारित करदी गई। तीन मामलों मे पक्षकारों ने सुलह के लिए समय की मांग किया। बैठक मे दस मामलों में एक– एक पक्ष तथा पांच मामलों में कोई पक्षकार उपस्थित नहीं हुआ। जिसके चलते बैठक की अगली तिथि चार अप्रैल २०२१ नियतकर पक्षकारों को नोटिस भेजेजाने का निर्देश दिया गया। ऐच्छिकब्यूरो के सदस्यों के प्रयास से पुष्पांजलि और अविनाश कुमार, कुसुम और सत्यप्रकाश, सहाना खातून और खुर्शीद अहमद तथा सरिता सोनकर और रमेश सोनकर ने अपना–अपना सभी मतभेद भुलाकर साथ–साथ रहने



को तैयार हो गए। वही सुषमा राजभर और दुर्गेश राजभर के आपसी सहमति से सुलहकर लेने, निर्मला यादव और संजय यादव के मामले मे एफआईआर दर्ज हो जाने तथा पूजा गुप्ता और अखिलेश के मामले में पक्षकारों के लगातार अनुपस्थिति के चलते मामला निस्तारित कर दिया गया। वही सुषमा यादव और मुन्ना यादव तथा सावित्री और संजय कुशवाहा के मामले मे पक्षकारों के बीचसुलह न होनेपर पत्रावली अग्रिम कार्यवाही के लिए अग्रसारित कर दी गई। इस दौरान पूनम भारती और संतोष गौतम,नीतू सिंह और अजय सिंह तथा रेखा देवी और डब्बू ने सुलह के लिए समय की मांग किया। इस दौरान दस मामलों में एक– एक पक्षकार तथा पांच मामलों में कोई पक्षकार उपस्थित नहीं हुआ। जिस के चलते बैठक की अगली तिथि चार अप्रैल २०२१ नियतकर पक्षकारों को नोटिस भेजेजाने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रतिसार निरीक्षक विजय कुमार सिंह, ब्यूरो के सदस्यगण सर्वेश दूबे,इब्राहिम सेवक, विनोद कुमार सिंह,अर्चना उपाध्याय, मौलवी अरसद, डा.एमए खांन, महिला आरक्षी प्रीति दूबे ने अपना योगदान दिया। इस दौरान काफी संख्या में पक्षकार व उनके परिजन उपस्थित रहे।

# शांति भंग की आशंका में कुल 19 व्यक्ति गिरफ्तार

मऊ। जनपद के विभिन्नथानों द्वारा आज दिनांक २१.०३.२१ को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान, थाना घोसी पुलिस द्वारा आलोक कुमार, गंगा राजभर निवासीगण मझवारा व रोशन राजभर निवासी बड़गांव थाना घोसी, थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा गनेश, अनूप, बालवेंदर निवासीगण छिछोर, बच्चेलाल व अच्छेलाल निवासीगण घुड़सुड़ी थाना हलधरपुर, थाना कोपागंज पुलिस द्वारा राजूभर निवासीज हनियापुर थाना कोपागंज, थाना मधुबन पुलिस द्वारा गोलू निवासी फतेहपुर मंडाव थाना मधुबन, थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा अंकित कन्नौजिया निवासी बरहदपुर, अभय सिंह निवासी कटास थाना मेंहनगर, आदित्य कुमार निवासी मोलहना थाना महराजगंज, राहुल निवासी गम्भीरपुर, सुहेल अहमद निवासी सिकटी थाना मुबार कपुर जनपद आजमगढ़, मो० शाह आलम निवासी बंदीकला, विद्यासागरनिवासी फरीदपुर थाना मुहम्मदाबाद मऊ को शांति भंग की आशंका में धारा १५१ सीआरपीसी के अर्न्तगत गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# बुटिक संचालिका के शव का बिसरा किया पुलिस ने सुरक्षित

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक बुटिक संचालिका का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के फर्स पर पड़ा हुआ मिला था। स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं शनिवार को मृतका के मौत का कारण स्पष्ट न होने पर पुलिस ने मृतका के शव का बिसरा सुरक्षित रखा दिया है। वहीं मृतका के पति ने शनिवार को मुखगनी दी है। पुलिस के मुताबिक खबर लिखे जाने तक मृतका के परिजनों की तरफ से कोई भी तहरीर नहीं आई है।आशियाना के रूचि खण्ड प्रथम शारदा नगर में रहने वाली एक बुटिक संचालिका ३० वर्षीय सीशादरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर में फर्स पर पड़ा हुआ मिला था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को मृतका के परिजनों के सपूरद कर दिया। वहीं मृतका के पोस्टमार्टम में मौ का कारण स्पष्ट न होने के कारण पुलिस ने मृतका के बिसरे को सुरक्षित रखा दिया गया है। वहीं मृतका के शव को मुखाग्नि उसके पति गौरव श्रीवास्तव ने दी है। वहीं मृतका के परिजनों की तरफ से कोई भी तहरीर नहीं आई है।

## उत्तर प्रदेश पुलिस में २० फीसदी तक महिलाओं की भर्ती होगी अनिवार्यः योगी

अलीगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यूपी पुलिस में २० फीसदी महिलाओं की भर्ती अनिवार्य की गई है। इसके साथ ही प्रत्येक रेंज पर महिलाओं के लिए परामर्श केंद्र से संबंधित रिपोर्टिंग चौकियां बनाई जा रही हैं।मुख्यमंत्री ने यहां वीरांगना रानी अवंती बाई के बलिदान दिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन महान वीरांगनाओं अवंती बाई, ऊदा देवी और झलकारी बाई ने देश की स्वाधीनता के आंदोलन में अपने आपको बलिदान कर दिया। राज्य सरकार ने प्रदेश में तीन महिला पीएसी बटालियन की घोषणा की थी, जो आज लागू हो रही है। इसके अंतर्गत बदायूं में 'वीरांगना अवंती बाई महिला बटालियन', लखनऊ में 'वीरांगना ऊदा देवी महिला बटालियन' और गोरखपुर में 'वीरांगना झलकारी बाई महिला बटालियन' की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि इन वीरांगनाओं का बलिदान हम सबको देश की अखंडता और एकता को अक्षुण्ण बनाये रखने की प्रेरणा देता है।

# योगी आदित्यनाथ के शानदार चार साल

लखनऊ। वैसे तो अभी चुनाव होने में एक साल हैं, लेकिन योगी आदित्यनाथ को पद संभाले हुए ४ साल का समय हो गया है. ऐसे में हाल में किया गये सर्वे में जो सामने आया है वो भाजपा और योगी को खुश करने वाला है. तमाम सर्वे बता रहे हैं कि योगी सरकार यूपी में पहले की सरकारों से ज्यादा बेहतर काम कर रही है. सर्वे की मानें तो ज्यादातार लोग योगी के शासन काल में संतुष्ट नजर आ रहे हैं. बता दें कि यूपी का जनता ना सिर्फ योगी के शासन काल में खुश है बल्कि लोगों का मानना है कि पीएम मोदी के बाद देश की बागडोर संभालने में भी सबसे ज्यादा सक्षम योगी ही हैं. सर्वे के अनुसार अगर अगर अबी यूपी में चुनाव होते हैं तो यहां फिर से योगी के नेतृत्व में भाजपा (ठश्रच) की ही सरकार बनेगी. बता दें कि यूपी में उपचुनाव से लेकर एमएलसी चुनाव सभी में योगी के नेतृत्व में बीजेपी ने ही जीत हासिल की है. योगी के मुकाबले में मायावती, अखिलेश यादव काफी कमजोर नजर आते हैं. इतनी ही नहीं प्रियंका गांधी के मैदान में उतरने से भी योगी की लोकप्रियता को कोई फर्क पड़ता नहीं दिखता है. एबीपी—सी वोटर सर्वे के अनुसार योगी आदित्यनाथ की सबसे बड़ी सफलता है कि उन्होंने यहां सरकारी नौकरियां लोगों को दी है. लोगों से भी जब ये पूछा गया कि उनके अनुसार योगी राज की सबसे अच्छी बात क्या है.. तो इसपर २८ फीसदी लोगों ने नई नौकरी, १२ फीसदी ने कोरोना महामारी के नियंत्रण, १६ फीसदी ने अपराध नियंत्रण और १६ फीसदी लोगों ने



राम मंदिर को योगी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया. सर्वे में दावा किया गया है कि यदि यूपी में अभी चुनाव होते हैं तो भाजपा को २६४ सीटों तक मिलने के आसार हैं. वहीं समाजवादी पार्टी को ५४—६४, बीएसपी को ३३—४३, कांग्रेस को १—७ और अन्य को १०—१६ सीटें मिल सकती हैं. उत्तर प्रदेश की लगभग आधी आबादी ये मानती है कि नरेंद्र मोदी के बाद योगी आदित्यनाथ च्ड बनने के लिए सबसे योग्य हैं. आईएएनएस सी—वोटर ट्रैकर के मुताबिक, सर्वे में ४६.५ प्रतिशत लोगों ने इस बात पर अपनी सहमति जताई है. आपको भी ये जानकर आश्चर्य होगा कि ६३.५ प्रतिशत बीजेपी समर्थकों ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर योगी को अपना समर्थन दिया. वहीं ४२.६ फीसदी बीएसपी और २१.७ फीसदी एसपी समर्थकों और २४.४ फीसदी कांग्रेसियों ने भी प्रधानमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ का समर्थन किया. बता दें कि योगी के लिए लव जिहाद कैम्पेन, नौकरशाही पर नजर रखना और भ्रष्टाचार के खिलाफ किये गये काम उनकी पक्ष में रहे हैं. लोकप्रियता के मामले में योगी, अखिलेश यादव और मायावती से काफी आगे हैं. हालांकि चुनावी वादों को पूरा करने के मामले में पूछे गये सवाल पर ४५.७ प्रतिशत लोगों ने माना कि भाजपा ने जो वादे जनता से चुनाव के दौरान किया थे उसे पूरा करने में वो कामयाब नहीं हो सकी है. लेकिन बावजूद इसके योगी के रोजगार मुहैया कराने के कारण लोगों में योगी काफी प्रसिद्ध हुए हैं. यहां कारण है कि योगी आदित्यनाथ, अखिलेश और मायावती से कहीं आगे हैं और इन्हें तीनों में सर्वश्रेष्ठ सीएम के रूप में देखा जा रहा है।

# शाह के सामने जारी होगा भाजपा का घोषणापत्र

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का घोषणापत्र २१ मार्च को जारी होगा। भाजपा के महासचिव और बंगाल के प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह के कोलकाता दौरे के दौरान इसे जनता के सामने पेश किया जाएगा। इससे पहले बिहार में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा का घोषणापत्र वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जारी किया था, जिसमें पार्टी ने कहा था कि उसकी सरकार बनी तो सबको मुफ्त में कोरोना की वैक्सीन लगाई जाएगी। बहरहाल, कहा जा रहा है कि बंगाल चुनाव के लिए जारी होने वाले भाजपा के घोषणापत्र में अनेक लोक लुभावन घोषणाएं होंगी। भाजपा के नेताओं ने प्रचार में कहा है कि किसान सम्मान निधि ा का पैसा बंगाल के किसानों को मिलेगा और दो साल का बकाया भी उन्हें दिया जाएगा। इसे चुनाव घोषणापत्र में शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा घुसपैठ रोकने का वादा भी इसमें शामिल होगा। इससे पहले ममता बनर्जी ने १७ फरवरी को अपना चुनावी घोषणापत्र जारी किया था। ममता ने इसे जारी करते हुए कहा था कि उनकी सरकार ने लोगों को रोजगार दिया है और लोगों की आमदनी बढ़ी है। उन्होंने कहा था— हम सभी को साथ लेकर चलना चाहते हैं। यह घोषणापत्र मां, माटी और मानुष के लिए है। उन्होंने गरीबों को छह हजार रुपए



सालाना देने की घोषणा की थी। और साथ ही एससी—एसटी के गरीबों को एक हजार रुपए महीना देने का वादा भी किया है। ममता बनर्जी ने दिल्ली सरकार की तर्ज पर घर—घर राशन योजना शुरू करने का ऐलान किया। साथ ही कहा कि विधवा महिलाओं को एक हजार रुपए हर महीने दिए जाएंगे। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में २०१४ के लोकसभा चुनाव में भाजपा को दो सीटें मिली थीं और २०१६ के विधानसभा चुनाव में वह सिर्फ तीन सीटें जीत सकी। लेकिन २०१६ के लोकसभा चुनाव में जपा १८ सीटें जीतने में कामयाब रही।

# देशमुख को हटाने की चर्चा, पवार से मिले

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े उद्योगपति मुकेश अंबानी की सुरक्षा में सेंध लगाने और उनके घर के पास विस्फोटक से भरी गाड़ी मिलने के मामले में राजनीति तेज हो गई है। इस मामले में संदेह के घेरे में आए पुलिस अधिकारी सचिन वझे की गिरफ्तारी और मुंबई पुलिस कमिश्नर के तबादले के बाद अब राज्य के गृह मंत्री पर गाज गिरने की संभावना दिख रही है। गृह मंत्री बदले जाने की अटकलों के बीच राज्य के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने शुक्रवार को एनसीपी के प्रमुख शरद पवार से दिल्ली में मुलाकात की। हालांकि दोनों नेताओं के बीच बातचीत का ब्योरा सार्वजनिक नहीं हुआ है। इससे दो दिन पहले भी देशमुख को हटाने की चर्चा हुई थी, जिसके बाद एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाटिल ने कहा था कि उन्हें नहीं बदला जाएगा। इस बीच देशमुख शुक्रवार प्रोजेक्ट को लेकर पवार से मिले। गौरतलब है कि सचिन वझे मामले को लेकर पवार ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की थी।




को दिल्ली पहुंचे और पवार से मुलाकात की। करीब एक घंटे की मुलाकात के बाद बाहर निकले देशमुख ने सिर्फ इतना कहा कि वे नागपुर में बनने जा रहे एक बहरहाल, शुक्रवार को अनिल देशमुख से मुकेश अंबानी के घर के बाहर विस्फोटक से भरी स्कॉर्पियो और मनसुख हिरेन की मौत मामले में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मामले में एनआईए और महाराष्ट्र एटीएस लगातार जांच कर रही हैं। उन्होंने कहा— राज्य सरकार इस मामले में दोनों एजेंसियों को पूरा सहयोग कर रही है। मैंने मुंबई में हुए घटनाक्रम के बारे में पवार साहब को जानकारी दी है। उधर, संसद भवन के बाहर राज्यसभा सांसद नारायण राणे ने इस मामले में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे सचिन वझे के गॉडफादर हैं। उन्होंने कहा— महाराष्ट्र सरकार ठीक से काम नहीं कर रही है, सब कुछ अधिकारियों की इच्छा पर किया जाता है, मुकेश अंबानी जैसा व्यक्ति मुंबई में असुरक्षित है। खराब कानून—व्यवस्था की स्थिति और भ्रष्टाचार के कारण, मैंने राज्य में मुख्यमंत्री के इस्तीफे और राष्ट्रपति शासन के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखा है। कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने भी इस मामले को लेकर अपनी ही पार्टी के समर्थन से चल रही सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शिव सेना पूर्व कमिश्नर परमबीर सिंह की जय—जयकार कर रही है, जबकि गृह मंत्री अनिल देशमुख जो एनसीपी के हैं, वे बोल रहे थे कि कमिश्नर ने गलती की थी। निरुपम ने कहा कि सचिन वझे कांड की जांच से अब तक समझ में आया है कि यह सत्ता प्रायोजित हफ्ता वसूली कांड है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि इसके तार शिवसेना से जुड़े हैं क्या?

# अगले साल होने जा रहे उप्र चुनाव में अपने अंत की ओर है कांग्रेस

नई दिल्ली। अगर आपको लगता है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए आगे बढ़ना असंभव है, तो हाल ही में किया गया यह सर्वे असलियत को सामने लाने वाला है। आईएएनएस सी—वोटर ट्रैकर के अनुसार, उत्तर प्रदेश की २०२१ की राजनीति कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में कांग्रेस को उसके अंत की ओर ले जाने की कहानी कहने वाली होगी। अगर आपको लगता है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए आगे बढ़ना असंभव है, तो हाल ही में किया गया यह सर्वे असलियत को सामने लाने वाला है। आईएएनएस सी—वोटर ट्रैकर के अनुसार, उत्तर प्रदेश की २०२१ की राजनीति कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में कांग्रेस को उसके अंत की ओर ले जाने की कहानी कहने वाली होगी। भारत के इस सबसे बड़े राज्य में देश की सबसे पुरानी पार्टी के फिर से जिंदा होने की उम्मीद करना बेमानी होगा क्योंकि



यदि आज चुनाव होते हैं तो ४०३ सीटों वाली उत्तर प्रदेश की विधानसभा में कांग्रेस के केवल ४ सीटें जीतने का अनुमान है। प्रियंका गांधी वाड्रा में हमेशा इंदिरा गांधी की झलक दिखाने की कोशिश की गई लेकिन ना तो उनकी छवि बदलने की ये कोशिश और ना ही उनका प्राकृतिक करिश्मा जमीन पर काम कर पा रहा है। ऐसे में कांग्रेस के उत्तर प्रदेश की राजनीति में फिर से जी उठने की कम और खात्मे की आशंका ज्यादा है। प्रियंका गांधी के नेतृत्व के बावजूद उत्तर प्रदेश में २०१६ में मिला ६.२ का वोट शेयर और नीचे गिरकर ५.६ प्रतिशत पर जा रहा है, जो इस पार्टी के अंत की ओर साफ इशारा करता है। देश के सबसे बड़े राज्य की विधानसभा में केवल ४ सीटें पाने की संभावना न केवल विधानसभा चुनावों के लिए बल्कि अगले लोकसभा चुनावों की नजर से भी बेहद चिंताजनक है। वहीं भाजपा २८६ सीटों के साथ विध ाानसभा चुनावों में एक शानदार जीत के लिए तैयार है।

# ३५०० से ज्यादा जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

लखनऊ। होली से पहले राजधानी लखनऊ में बृहस्पतिवार को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में खुशियों के रंग बिखरे और ३५०० से ज्यादा जोड़ों ने वैवाहिक बंधन में बंधकर एक नया कीर्तिमान रच दिया। प्रदेश




के श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा 'विश्व रिकॉर्ड' करार दिए गए इस सामूहिक विवाह का आयोजन वृंदावन इलाके में किया गया। गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते इस आयोजन के दौरान अत्यंत विशाल पंडाल में जहां एक तरफ वैदिक मंत्रोच्चार हो रहे थे, वहीं दूसरी तरफ काजी निकाह की दुआएं पढ़ रहे थे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन राज्य सरकार द्वारा गरीब श्रमिकों और आर्थिक रुप से कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के तहत किया गया था। इसमें नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर श्रमिक परिवारों के ३५०७ नव दंपतियों को प्रदेश सरकार की ओर से बधाई देते हुए कहा कि श्रमिक राष्ट्र का निर्माता है और उसके सुख-दुख में सहभागी बनना किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार का पहला कर्तव्य है। योगी ने कहा कि कन्यादान कई यज्ञों से अधिक फलदाई माना गया है। हमें भी इसका सहभागी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। प्रदेश में सामूहिक विवाह योजना के तहत अभी तक लगभग पौने दो लाख गरीब कन्याओं की शादी संपन्न हुई है। मुख्यमंत्री ने श्रमिक वर्ग के लिए शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि उनकी सरकार अब राज्य में किसी भी श्रमिक की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उसके परिजन को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव, लखीमपुर खीरी और बाराबंकी जिले के पंजीकृत श्रमिकों की बेटियों का विवाह कराया गया। इस योजना के तहत विवाहित जोड़ों को सरकार की तरफ से ७५-७५ हजार रुपये की वित्तीय मदद दी गई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राधा कुमारी और विनय कुमार निषाद, मनोरमा और मोहित कुमार, जहाना बेगम और मोहम्मद आरिफ, सफिया खातून और मोहम्मद शोएब समेत १० नवविवाहित जोड़ों को विवाह रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए आशीर्वाद दिया। श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस मौके पर कहा कि हम रिकॉर्ड बनाते हैं और उसे तोड़ते भी हैं। अभी १५ फरवरी को २७५४ जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया था। वहीं, आज ३५०७ जोड़ों की शादी करा कर हम अपने रिकॉर्ड को तोड़ रहे हैं।

# राम मंदिर निर्माणः रावण ने जहां माता सीता को रखा था बंदी, वहां से भी आएंगे राम मंदिर के लिए पत्थर

नई दिल्ली। एससी का फैसला आने के बाद से अयोध्या में राम मघंदिर बनने का काम जोर शोर से चल रहा है अब जानकारी मिली है कि श्रीलंका स्थित सीता एलिया के पत्थर का अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में इस्तेमाल में लिया जाएगा. इस खबर के बाहर आने के बाद से लोगों में और भी ज्यादा उत्साह



भर गया है. इस संबंध में श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट कर बताया कि अयोध्या में राम मंदिर के लिए श्रीलंका स्थित सीता एलिया के पत्थर का इस्तेमाल किया जाएगा. इससे भारत और श्रीलंका के संबंधों की मजबूती का स्तम्भ बनेगा.भारत में श्रीलंका के उच्चायुक्त मिलिंदा मोरागोडा को उच्चायुक्त की मौजूदगी में म्यूरापति अम्मान मंदिर में यह पत्थर सौंपा गया. मान्यता है कि सीता एलिया में माता सीता का मंदिर है . ऐसा माना जाता है कि इसी स्थान पर लंकापति रावण ने उन्हें बंदी बनाकर रखा था और यहीं माता सीता भगवान राम से प्रार्थना किया करती थीं कि वह उन्हें बचाकर ले जाएं. ऐसे में दोनों देशों की इस पहल से सोशल मीडिया में इसे खुब सराहना मिल रही है. इसके साथ ही लोगों को मानना है कि भगवान राम के मंदिर में सीता एलिया के पत्थर को लगाया जाना एक शुभ संकेत भी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल अयोध्या में राम मंदिर का भूमि पूजन किया था. इसी के साथ भाजपा की वह 'मंदिर मुहिम' पूरी हो गई जो तीन दशक तक उसकी राजनीति का अहम हिस्सा रही. माना जाता रहा है कि इसी मुहिम के कारण भाजपा सत्ता में शीर्ष तक पहुंच सकी है. भूमि पूजन के बाद से मंदिर निर्मांण के कार्य में भी अप्रत्याशित तेजी देखने को मिली है. एक ओर जहां मंदिर के लिए देशभर से लोग चंदे के रूप में अपना सहयोग दे रहे हैं. वहीं दूसरी ओर अभी से ही देश भर के लोगों का मंदिर पहुंचने का सिलसिला भी शुरु हो गया है.

# संक्रमण को रोकते हुए ५० फीसदी मरीजों की बच सकती है जान

लखनऊ। केजीएमयू इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज की ओर से आयोजित पांचवी सीपीएमई के मौके कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी ने कहा कि अस्पताल में भर्ती होने पर मरीजों को वहां के वातावरण के चलते होने वाले संक्रमण को बचाकर इससे होने वाली ५० फीसदी मौतों को रोका जा सकता है। कुलपति ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे केजीएमयू के ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करें और डॉ विनोद जैन के नेतृत्व में टीम वर्क व लीडरशिप की भावना के साथ ही लोगों के प्रति सहानुभूति एवं मृदु व्यवहार रखते हुए अपने कार्य में दक्षता प्रदान करें। सीपीएमई की मुख्य वक्ता माइक्रोबायोलजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अमिता जैन ने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सालय में भर्ती होने के ४८ घंटे के अंदर अथवा चिकित्सालय से डिस्चार्ज होने के ३० दिन बाद तक जो संक्रमण होता है उसे अस्पताल से उत्पन्न इनफेक्शन कहते हैं ऐसा इंफेक्शन जो रोगी में पहले से ना हो। नोसोकमियल इनफेक्शन होने से रोगी को हॉस्पिटल में ज्यादा




अवधि तक रखना पड़ता है उसकी बीमारी बढ़ती है और उसकी मृत्यु दर बढ़ जाती है, साथ ही इलाज में होने वाले व्यय में वृद्धि होती है। कार्यक्रम के निर्देशक एवं अधिष्ठाता पैरामेडिकल विज्ञान संकाय प्रो विनोद जैन ने कहा कि इस चिकित्सा विश्वविद्यालय में वर्ष २०१५ से व्यवस्थित रूप से पैरामेडिकल शिक्षण-प्रशिक्षण कार्य संपादित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य ऐसे पैरामेडिकल कर्मियों को तैयार करना है जो समाज में कुशल एवं त्रुटि रहित सेवाएं प्रदान कर सकें। इस मौके पर प्रो विनोद जैन द्वारा परिकल्पित एवं लिखित पुस्तक नोसोकामियल इंफेक्शन एवं एक पोस्टर का भी विमोचन हुआ। इस पुस्तक का सह लेखन राघवेंद्र कुमार, वीनू दुबे एवं मंजरी शुक्ला द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में आए हुए लोगों का स्वागत संबोधन प्रो अनित परिहार तथा धन्यवाद ज्ञापन अतिन सिंह द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में ४५० छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं जबकि ४१ छात्र-छात्राओं ने नोसोकमियल इनफेक्शन विषय पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से चर्चा की। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो विनीत शर्मा भी उपस्थित रहे।

# घरेलू गैस-सिलेंडर पर सब्सिडी 153.86 रुपये से बढ़ कर 291.48

नई दिल्ली। महंगाई के इस दौर में बचत करना लगभग असंभव हो गया है. घरेलु गैस सिलेंसर की कीमतें आसमान छू रही है. घरेलू गैस सिलेंसर की कीमतें रिकॉर्ड तोड़ रही है. नवंबर २०२० में सिलेंसर के दाम ५६४ रुपये थे, जो अब ८१६ तक पहुंच गये हैं. लेकिन अगर आप महंगे सिलेंडर पर सब्सिडी लेते हैं तो आप करीब ३०० रुपये तक बचा सकते हैं. फिलहाल सिलेंडर की सब्सिडी महज १०-२० रुपये ही रह गई है. लेकिन अब सरकार ने सब्सिडी राशि में बढ़ोतरी करते हुए घरेलू गैस सिलेंडर पर सब्सिडी १५३.८६ रुपये से बढ़ कर २९१.४८ रुपये कर दी है. ये भी तब संभव होगा जब आपने उज्जवला योजना के तहत कनेक्शन ले रखा है. अगर आपने उज्जवला योजना के तहत कनेक्शन ले रखा है तो आपको ३१२.४८ रुपये तक सब्सिडी मिल सकती है जो पहले १७४.८६ रुपये होती थी. अगर आप गैस सिलेंडर पर सब्सिडी लेना चाहते हैं तो आपको सब्सिडी वाले खाते को आधार कार्ड से लिंक कराना होगा. आधार कार्ड से लिंक होते ही आपके खाते में ३०० रुपये सब्सिडी के आ जायेंगें. घर बैठे लिंक कराए खाता अगर आपका एलपीजी कनेक्शन है और वो आधार कार्ड से लिंक नहीं है तो आप इसे घर बैठे आधार कार्ड से लिंक करवा सकते है. इंडेन के ग्राहक **https:/ /cÛ-indianoil-in** पर पूरी जानकारी ले सकते हैं और भारत गैस के ग्राहक**https:// ebharatgas-com** पर विजिट कर अपने एलपीजी कनेक्शन को आधार से लिंक कर सकते हैं. इसी तरह सभी दूसरी कंपन्नियों के ग्राहक भी अपना बैंक एकाउंट लिंक कर सकते हैंं. . लगभग दोगुना हुए सिलेंडर के दाम लगातार बढ़ती हुई तेल कीमतों का असर घरेलू गैस सिलेंडर पर भी हुआ है. नवंबर २०२० तक जो घरेलू सिलेंडर ५६४ रुपये में मिलता था वो अब ८१६ रुपये में मिल रहा है. नवंबर से मार्च के बीच सिलेंडर की कीमत २२५ रुपया बढ़ गई हैं जो करीब २५ फीसदी हैं।

# पांचवे टी२० में भारत ने इंग्लैंड को दिया २२५ का विशाल लक्ष्य



अलीगढ़। भारत और इंग्लैंड की टीमें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पांचवा मुकाबला खेल रही हैं। इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। इंग्लैंड की टीम में कोई बदलाव नहीं है जबकि भारत ने १ बदलाव किया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने रोहित शर्मा,विराट कोहली के अर्धशतक के दम पर २ विकेट के नुकसान पर २२४ रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

# तीनों केंद्रीय कृषि कानूनों के विरोध में २६ मार्च को सुबह बन्द रह सकती हैं कई सेवाएं

अलीगढ़। तीनों केंद्रीय कृषि कानूनों को लेकर दिल्ली से सटे हरियाणा और यूपी के आधा दर्जन बॉर्डर पर किसान का आंदोलन जारी है। यूपी, पंजाब–हरियाणा समेत कई राज्यों के किसान तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने पर अड़े हैं, उनका कहना है कि धरना प्रदर्शन तभी खत्म होगा, जब कानून वापस ले लिए जाएंगे। वहीं, किसान आंदोलन के ४ महीने पूरे होने पर अगले सप्ताह २६ मार्च को देशव्यापी बंद होगा। इस दौरान सुबह ६ बजे से लेकर शाम ६ बजे तक सभी दुकानें और दूसरे व्यापारिक प्रतिष्ठान १२ घंटे बंद रहेंगे। इसके बाद २८ मार्च को धरना–प्रदर्शन स्थलों पर ही होलिका दहन के दौरान तीनों षि कानूनों की प्रतियां जलाई जाएंगी।किसान संगठनों ने एलान किया है कि आगामी २६ मार्च को किसान आंदोलन को दिल्ली की सीमाओं पर शुरू हुए ४ महीने हो रहे हैं। इसी के मद्देनजर देशभर में सभी बस, रेल और पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बंद रखा जाएगा। यह बंद सुबह से शाम तक जारी रहेगा, जिसे शांतिपूर्ण तरीके से किए जाने मांग की गई है।

# दिन दहाड़े दुकान में महिला की शटर बंद कर पिटाई

कृष्ण कुमार शुक्ला

मोहम्मदी खीरी। जहा एक ओर सूबे के मुखिया महिला सुरक्षा को लेकर मिशन शक्ति को सतर्कता के चलाने के दिशा–निर्देश जारी करते रहे है। वही आज नगर के रामलीला चौराहे पर मिशन शक्ति को तार तार करते हुए दिन दहाड़े एक दुकान में महिला को शटर बंद कर की पिटाई व अश्लील हरकत करने व विरोध करने पर पति की भी पिटाई का मामला प्रकाश में आया है। महिला ने उपजिलाधिकारी कार्यालय व कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी अनुसार नगर के रामलीला चौराहे के निकट रजत श्रीवास्तव ने कम्प्यूटर टाइपिंग की दुकान खोली थी पर स्वयं को कंप्यूटर की जानकारी न होने के कारण टाइपिस्ट को वेतन पर रखा गया किंतु बाद में नौकर की नीयत दुकान पर कब्जा कर लेने की हो गयी। कुछ दिन पूर्व क्षेत्रीय विधायक द्वारा समझौता भी कराया गया था। किंतु उसका यथोचित पालन न होने व बदनीयती के कारण उक्त घटना हुई।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के नितेश अग्रवाल बने जिला संयोजक

कृष्ण कुमार शुक्ला

लखीमपुर खीरी। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश (पंजीकृत) के प्रांतीय अध्यक्ष के निर्देश पर मंडल अध्यक्ष अतुल कपूर द्वारा जनपद लखीमपुर खीरी की जनपद इकाई के पुनर्गठन हेतु वरिष्ठ पत्रकार नितेश अग्रवाल को जिला संयोजक सदस्यता अभियान प्रभारी मनोनीत किया है। शुक्रवार को जिला लखीमपुर खीरी पहुंचे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश (पंजींत) के मंडल अध्यक्ष अतुल कपूर द्वारा जिले के वरिष्ठ पत्रकार नितेश अग्रवाल को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की लखीमपुर खीरी जनपद इकाई के पुनर्गठन हेतु जिला संयोजक सदस्यता अभियान प्रभारी मनोनीत किया गया है। मनोनयन पत्र देते हुए मंडल अध्यक्ष ने आशा जताई कि जिला संयोजक नितेश अग्रवाल अपनी प्रतिभा सक्रियता तथा पत्रकार हितो के प्रति सजगता को ष्टिगत रखते हुए ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जिला लखीमपुर खीरी की इकाई के गठन में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने एक माह में संगठन का सदस्यता अभियान चलाकर जिला इकाई सहित पूरे जिले की सभी तहसीलों वॉब्लकों में इकाइयां गठित करने के लिए निर्देशित किया है। नितेश अग्रवाल के जिला संयोजक बनने पर उपस्थित एशोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार अजय द्विवेदी, सर्वेश शुक्ला, देवेश पांडेय, कमल पांडेय, दीपांशु सहित अन्य मौजूद पत्रकारों ने उन्हें बधाई दी।

## पीड़ित परिवारों की महिलाओं को साड़ियां वितरित की

निघासन खीरी। तहसील निघासन के मजरा दरेरी के निबियापुरवा में शार्टसकिट से आग लग गई थी जिसमें दस लोगों के घर जलकर राख हो गऐ थे, जो कि आज दिनांक १६ मार्च को प्रसपा के प्रदेश महासचिव राजीव गुप्ता (तिकुनिया वाले) जो पीड़ित परिवारो से मिल कर उन की महिलाओं को साड़िया वितरण कर जिलाधिकारी से मिल कर मदद का आश्वासन दिया, दरेरी के निवियापुरवा में बुद्धा राम गौतम ,बालक राम गौतम ,चंद्रिका गौतम,श्यामू गौतम ,कमलेश गौतम,जगदंबा गौतम,चंद्रभाल गौतम,राजेश बाल्मीकी ,कांति देवी बाल्मीकी,लक्ष्मी देवी बाल्मीकी साथ में विधान सभा अध्यक्ष श्री हरिवँश सिंह,सेवक राम मोर्या ,श्रवण यादव, सन्दीप यादव सेक्टर सह –प्रभारी प्रेम सागर पाल व बूथ मंत्री रामखेलावन भार्गव, मौजूद रहे।

# अनारक्षित,२ महिला,२ ओबीसी,१–१एससी,एसी महिला व ओबीसी महिला

अलीगढ़। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर ग्राम पंचायत सदस्य से लेकर जिपंस,क्षेत्रपंस और ब्लाक प्रमुख पदों का आरक्षण सूची प्रशासन ने शनिवार को जारी कर दी गई। आरक्षण की सूची में जिले की राजनीतिक समीकरण पर बहुत ज्यादा फर्क पड़ा। लोधा और अकराबाद ब्लाक को छोड़कर बाकी सभी १० ब्लाकों के समीकरण अबकी चुनाव में बदल गए। पांच ब्लाक जहां अनारक्षित श्रेणी में चले गए है, वहीं दो ब्लाक महिला, दो ओबीसी और एक–एक ब्लाक एससी, एसी महिला व ओबीसी महिला हो गया है। ३० सालों में पहली बार धनीपुर ब्लाक एससी महिला के लिए रिजंव हुआ है। वहीं इगलास प्रमुख सीट २५ सालों में पहली बार एससी हुआ है। इसके अलावा गंगीरी व बिजौली ब्लाक २० साल बाद ओबीसी हुई है। इससे पहले २०१५ में गंगीरी ओबीसी और बिजौली ओबीसी महिला हुई थी। २५ साल बाद गोंडा व टप्पल ब्लाक अनारक्षित हुआ है। इससे पहले २००० में दोनों ब्लाक अनारक्षित था।

# उत्तर प्रदेश में मार्च में बढ़ते जा रहे हैं कोरोना संक्रमित, बीते 24 घंटे में 442 नए केस

अलीगढ़। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस का संक्रमण एक बार फिर तेजी से पांव बढ़ा रहा है। उत्तर प्रदेश में बीते पांच दिन से नए संक्रमितों की संख्या में बढ़ोतरी ही होती जा रही है।आज जो आंकड़ा सामने आया है, वह डराने वाला है। प्रदेश में बीते २४ घंटे में ४४२ नए संक्रमित सामने आए हैं। इनमें ११५ लखनऊ में हैं। जबकि इसी दौरान एक कोरोना संक्रमित की मौत भी हो गई है।प्रदेश में कोरोना वायरस से संक्रमित ४४२ नए लोग मिले हैं।सघन चेकिंग अभियान के गति पकडने के साथ ही नए केस तेजी से सामने आने लगे हैं।बीते २४ घंटे में १२४ लोगों को डिस्चार्ज भी किया गया है। प्रदेश में इससे पहले १६ जनवरी को ५३३ नए संक्रमित मिले थे। इसके बाद फरवरी में संक्रमण का सिलसिला कुछ थमा था, लेकिन मार्च के आते ही इसने गति पकड़ ली है।

# पत्रकार एकादश का सेमीफाइनल में मुकाबला आज

कृष्ण कुमार शुक्ला

लखीमपुर खीरी। पुलिस लाइन ग्राउंड पर खेली जा रही जेसीआई प्रीमियर लीग एकादश के ग्रुप स्टेज के दूसरे मैच में पत्रकार एकादश ने अपने दूसरे मैच में भी अधिवक्ता एकादश को एकतरफा मुकाबले में ६ विकेट से हराकर अपने ग्रुप में नंबर वन रहते हुए सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। अब पत्रकार एकादश का सेमीफाइनल में मुकाबला टूर्नामेंट के आयोजक जेसीआई से रविवार को होगा।पत्रकार एकादश ने पहले टॉस जीतकर अधिवक्ता एकादश को बैटिंग का न्योता दिया। पत्रकार एकादश की शानदार गेंदबाजी के आगे अधिवक्ता एकादश के बल्लेबाज शुरू से ही संघर्ष करते नजर आए और नियमित अंतराल पर उनके विकेट गिरते रहे।एक समय अधिवक्ता एकादश १२ ओवर में ६ विकेट खोकर मात्र ७० रन ही बना पाई थी लेकिन अधिवक्ता के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने अंतिम ३ ओवर में ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए ४७ रन ठोक दिए जिसके चलते अधिवक्ता एकादश अपने निध ारित १५ ओवर में ११७ रनों का सम्मानजनक लक्ष्य खड़ा करने में कामयाब रही। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पत्रकार एकादश की टीम के सलामी बल्लेबाजों पीयूष और जसवंत ने पहले ही ओवर से ताबड़तोड़ बैटिंग शुरू कर दी और पहले ही ओवर की पहली तीन लगातार गेंदों पर छक्के लगाकर अपने आक्रामक तेवर जाहिर कर दिए ।इसके बाद यह सिलसिला रुका नहीं और हर ओवर में चौकों छक्कों की बारिश होती रही। हालांकि बीच–बीच में धुआंधार खेलने के चक्कर में पत्रकार एकादश के ४ विकेट भी गिरे लेकिन अंततः पत्रकार एकादश ने मात्र १०.३ ओवर में लक्ष्य हासिल करके अधिवक्ता एकादश को छह विकेट से हराकर शान के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया । अब पत्रकार एकादश का सेमीफाइनल मुकाबला रविवार को टूर्नामेंट के आयोजक जेसीआई से खेला जाएगा।पत्रकार एकादश की ओर से पीयूष ने धुंआधार ३४ रन, जसवंत ने शानदार १७ रन और अंकित ने ताबड़तोड़ ४२ रन बनाकर बेहतरीन बल्लेबाजी का समां बांध दिया। अधिवक्ता एकादश की ओर से प्रशांत ने ३१ तो विभु ने शानदार ३५ रन बनाये । विभु ने २ विकेट लेकर बेस्ट बॉलर का खिताब भी जीता । वही बेस्ट फील्डर का खिताब पत्रकार एकादश के जसवंत सिंह और बेस्ट बैट्समैन का पुरुस्कार पत्रकार एकादश के पीयूष को दिया गया । मैन अफ द मैच का सबसे महत्वपूर्ण खिताब पत्रकार एकादश के अंकित को मिला।

# पंचायत चुनाव में अब न्याय की संभावना खत्म–संतोष शर्मा

गोला गोकरण नाथ खीरी। भाजपा समर्थित मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि १९६५ के आधार पर जो पहले आरक्षण किया गया था वह पिछड़ी जातियों व हरिजनों को न्याय देना वाला आरक्षण था नाटकीय ढंग से भ्रष्ट अधिकारियों बहुवालियो की साठ गांठ से पूरे उत्तर प्रदेश में २०१५ के आधार पर जो आरक्षण किया गया है। जहाँ वर्षों से पिछड़ी जातियों के आरक्षण की आवश्यकता थी और हरिजन सीटों आवश्यकता थी वहाँ सामान्य सीट कर दी गई है जहाँ पिछड़ी जातियों का आरक्षण होना था वहाँ हरिजनों कर दिया गया है । पिछड़ी जाति व हरिजन जातियों को लड़ने का कार्य पूरे प्रदेश में किया गया है। श्री शर्मा ने अपने पैतृक ग्राम पंचायत सकेथू का जिक्र करते हुए कहा कि सकेथू में १९६५ से दो कार्यकाल हरिजन सीट रही व तीन कार्यकाल सामान्य सीट रही पड़ोस ही ग्राम पंचायत सेमरई में एक बार हरिजन सीट व चार बार सामान्य सीट रही , ग्राम पंचायत खानपुरजिगन्ह में सामान्य ओर पिछड़ी जाति की सीट हमेशा रही इस बार फिर सामान्य सीट कर दी गई ,ग्राम पंचायत भल्लिया व खम्होल ग्राम पंचायत हमेशा सामान्य व पिछड़ी जाति की सीट रही और इस बार भी पिछड़ी जाति की सीट दोनों कर दी गई जब कि इस बार दोनों हरिजन होनी चाहिए थी उच्च न्यायालय के आदेश का सहारा लेकर बहुवालियो के माध्यम से भ्रष्ट अधिकारियों ने लूटने का काम किया है जबकि नरेंद्र मोदी प्रधान मंत्री व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभाओं में कहते है कि और दलो की सरकारों ने जिन जातियों को न्याय नही दिलाया है उन्हें हमारी भाजपा सरकार न्याय दिलाने का काम कर रही है। यदि अगर उत्तर प्रदेश के पंचयात चुनाव में वंचित वर्गों को न्याय दिलाना था तो उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ उत्तर प्रदेश की सरकार उच्चतम न्यायालय क्यों नही गई यह सिद्ध होता है कि पिछड़े अति पिछड़े दलित अति दलितों को उत्तर प्रदेश की सरकार न्याय दिलाना नही चाहती है। ये वंचित वर्ग के लोगो के साथ कुठारघात है। पंचायत चुनाव में अब न्याय की संभावना खत्म हो गई है

# बस्ती में छात्रा को परेशान करने के मामले में योगी ने लिया बड़ा एक्शन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बस्ती में एक छात्रा को परेशान करने के मामले में बड़ा एक्शन लिया है। छात्रा के खिलाफ फर्जी केस दर्ज करने के मामले में बस्ती के कोतवाल तथा आरोपित दारोगा को निलम्बित करने के साथ ही कार्रवाई करने में शिथिलता बरतने पर एसपी बस्ती का तबादला कर दिया गया है।बस्ती के बहुचर्चित पोखरभिटवा मामले में आज बड़ी कार्रवाई की गई है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने बस्ती के एसपी हेमराज मीणा को हटाकर डीजीपी मुख्यालय में एसपी के पद पर तैनाती दी है। एसपी अभिसूचना मुख्यालय आशीष श्रीवास्तव को एसपी बस्ती के पद पर भेजा गया है। माना जा रहा है उन्होंने मामले में उचित कार्रवाई नहीं की और युवती की शिकायत को अनदेखा किया गया। इसके साथ ही आरोपित दारोगा दीपक कुमार सिंह और कोतवाल रामपाल यादव को निलंबित कर दिया गया है। एसपी मीणा के स्थान पर आशीष श्रीवास्तव को बस्ती का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके साथ ही बस्ती कोतवाली के इंस्पेक्टर रामपाल यादव तथा छात्रा को परेशान करने के आरोपित दारोगा दीपक सिंह को निलंबित किया गया है। बस्ती में छात्रा से फोन पर वार्ता के दौरान दारोगा दीपक सिंह के अभद्रता करने के साथ ही छात्रा के खिलाफ फर्जी केस दर्ज करने के मामले के तूल पकड़ते ही एडीजी गोरखपुर अखिल कुमार ने मामले का संज्ञान लिया। अखिल कुमार ने शनिवार को बस्ती का रुख किया और मामले की प्रारंभिक जांच के बाद ही निष्कर्ष निकाल दिया। एडीजी अखिल कुमार



शनिवार को अचानक बस्ती पहुंचे और कमिश्नर अनिल कुमार सागर के साथ युवती के गांव गए। यहां दारोगा दीपक कुमार सिंह पर लगाए गए आरोपों और युवती के स्वजन पर दर्ज मुकदमों की जांच की। युवती और उसके स्वजन के साथ ही गांव के अन्य लोगों के बयान लिए गए। इसके बाद यह कार्रवाई की गई। एडीजी गोरखपुर अखिल कुमार के आदेश पर गोरखपुर के आदेश पर रामपाल यादव तथा दीपक सिंह को निलंबित कर दिया गया। दीपक सिंह ने फोन पर युवती ने प्यार का इजहार किया था। एक तरफा प्यार का छात्रा के इनकार करने पर दीपक सिंह ने बदले में ताबड़तोड़ कार्रवाई के तहत छात्रा पर आठ केस दर्ज किए। इतना ही दारोगा ने छात्रा के परिवार के लोगों के खिलाफ फर्जी केस दर्ज कर दिए थे। संक्रमण काल के दौरान जून २०२० में चेकिंग के समय दारोगा ने जांच के नाम पर युवती का मोबाइल नंबर लिया था। उसके बाद अश्लील मैसेज भेजने लगा। विरोध करने पर मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद गांव में चकरोड का विवाद हुआ। ग्रामीणों ने दारोगा को बंधक बना लिया था। इस मामले में ग्रामीणों समेत युवती के परिवार वालों पर भी मुकदमा दर्ज हुआ। युवती ने मैसेज प्रकरण की जानकारी देते हुए फर्जी मुकदमे में फंसाने की शिकायत की। जांच की गई लेकिन अधिकतर आरोपों को गलत बताया गया। अभद्रता के मामले में दारोगा को बैड इंट्री देकर कुशीनगर एयरपोर्ट पर तैनात कर दिया गया। दारोगा के भाई का भी बस्ती से तबादला कर दिया गया। इसके बाद युवती ने एक-एक परिवार पर आठ मुकदमे दर्ज किए जाने की शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर वह मुख्यमंत्री से मिली। उन्होंने जांच का आदेश दिया। एडीजी मंडलायुक्त के साथ शनिवार को गांव पहुंचे और उन्होंने अपनी पड़ताल की। इसके बाद एसपी का तबादला करने के साथ दारोगा और कोतवाल को निलंबित कर दिया गया।

# एफआईएएफ अवार्ड २०२१ २०२१ पाने वाले पहले भारतीय बने अमिताभ बच्चन

नई दिल्ली। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म आर्काइव्स (एफआईएएफ) द्वारा प्रतिष्ठित २०२१ एफआईएएफ अवार्ड २०२१ से सम्मानित किया गया. अमिताभ बच्चन एफआईएएफ अवार्ड को पाने वाले पहले भारतीय बन गए है. अमिताभ बच्चन ने इस बात की जानकारी ट्वीट पर तस्वीरें शेयर कर दी है. डिजिटल माध्यम से आयोजित यह समारोह में अमिताभ बच्चन को एफआईएएफ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार इंटरनेशनल फेडरेशन अफ फिल्म अर्काइव द्वारा प्रदान किया जाता है. ७८ वर्षीय बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन को एफआईएएफ संबद्ध फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन द्वारा नमिनेय किया गया, जो फिल्म निमार्ता और आर्काइविस्ट शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर द्वारा स्थापित एक गैर-लाभकारी




संगठन है. यह संस्था भारत की फिल्मी विरासत के संरक्षण, रेस्टोरेशन, प्रलेखन, प्रदर्शनी और अध्ययन के लिए काम करती है. एफआईएएफ अवार्ड सेरेमनी के मौके पर हॉलीवुड फिल्मकार मार्टिन स्करसीज और क्रिस्टोफर नोलन ने अमिताभ बच्चन के फिल्म धरोहर के संरक्षण के क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए उनकी सराहना की. वर्चुअल समारोह के दौरान वीडियो मैसेज में 'आयरिशमैन' के डायरेक्टर मार्टिन स्कॉर्सीज ने कहा कि अमिताभ बच्चन ने भारत की फिल्मी धरोहर को संजोने में उल्लेखनीय काम किया है. बिग बी की बैक टू बैक कई फिल्में आ रही हैं. उनकी अगली रिलीज रूमी जाफरी का मनोवैज्ञानिक सस्पेंस ड्रामा 'चेहरे' है, जिसमें अमिताभ बच्चन के साथ इमरान हाशमी और रिया चक्रवती नजर आयेंगे. अमिताभ बच्चन फिलहाल तो अजय देवगन द्वारा निर्देशित थ्रिलर 'मेडे' की शूटिंग कर रहे हैं. इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह भी है। इसके अलावा बिगबी 'झुंड' और 'ब्रह्मास्त्र' में भी नजर आएंगे.

# आमिर ने मुझे बिल्कुल भी नहीं डराया : एली एवराम

मुंबई। स्वीडिश-ग्रीक मूल की अभिनेत्री एली एवराम को 'हर फन मौला' सॉन्ग नंबर में बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने फिल्म 'कोई जाने ना' के लिए इस गीत को आमिर संग फिल्माया। एली का कहना है कि आमिर ने पूरी शूटिंग के दौरान कभी भी उन्हें असहज महसूस नहीं कराया। एली ने आईएएनएस को बताया, "यह मेरे अब तक के सबसे बेहतरीन अनुभवों में से एक है क्योंकि मुझे शूटिंग के इन पांच दिनों के दौरान उनसे सीखने को काफी कुछ मिला है। वह हर एक चीज को काफी बारीकी और धर्य के साथ समझाते हैं। एली आगे कहती हैं, "सबसे अच्छी बात तो यह है कि उन्होंने कभी भी मुझे डराया नहीं। पहले ही दिन से उन्होंने मुझे काफी सहज महसूस कराया और बहुत सपोर्ट भी किया। इस चीज के लिए मैं हमेशा उनकी आभारी रहूंगी। आमिर अपने मित्र अमीन हाजी द्वारा निर्देशित इस फिल्म के लिए गाने की शूटिंग की है। अमीन फिल्म



'लगान' में बाघा नामक एक गूंगे ड्रम बजाने वाले का किरदार निभा चुके हैं। फिल्म 'कोई जाने ना' में अमायरा दस्तूर और कुणाल कपूर जैसे कलाकार हैं।

## जॉली एलएलबी ३ में काम करेंगे अक्षय कुमार!

मुंबई। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार जली एलएलबी ३ में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड निर्देशक सुभाष कपूर ने वर्ष २०१३ में अरशद वारसी को लेकर सुपरहिट फिल्म जॉली एलएलबी बनायी थी। फिल्म की सफलता के बाद उन्होंने वर्ष २०१७ में अक्षय कुमार को लेकर जॉलीएलएलबी २ बनायी थी। सुभाष कपूर अब फिल्म का तीसरा संस्करण जलीएलएलबी ३ अक्षय कुमार को लेकर बनाना चाहते हैं। अक्षय कुमार इन दिनों कई फिल्मों में काम कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि अक्षय जॉली एलएलबी ३ में नजर आने हैं और वह मेकर्स से बात कर रहे हैं। इस फिल्म का प्रोडक्शन जैकी भगनानी और वासु भगनानी करेंगे। यदि सब कुछ सही रहा तो फिल्म की शूटिंग इसी साल के मध्य में शुरू हो जाएगी।



## लखनऊ में तमंचा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

लखनऊ। मडियांव पुलिस ने कमलाबाद बढ़ौली में तमंचा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। पुलिस ने तमंचा कारीगर को गिरफ्तार किया है। पंचायत चुनाव के मद्देनजर असलहों की बढ़ रही मांग के चलते आरोपित तमंचे बना रहा था। एसीपी अलीगंज अखिलेश सिंह के मुताबिक मूलरूप से मानपुर सीतापुर निवासी सोनू पांडेय कमलाबाद बढ़ौली में किराये पर रहता था। सोनू मकान के भीतर तमंचा फैक्ट्री संचालित कर रहा था।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email- adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक